हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 12 अंक : 171 देहरादून, शुक्रवार, 29 दिसंबर, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



एसडीआरएफ चीफ मणिकांत मिश्रा की टीम को डीजीपी अभिनव कुमार के निर्देश 3

# एसीएस राधा रतूड़ी ने शीत लहर के संबंध में तैयारियों की समीक्षा की

## राज्य में ट्रैकिंग के लिए आने वाले पर्यटकों की पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था को लेकर शासन-प्रशासन की तैयारियां शुरू






**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

- एसीएस श्रीमती राधा रतूड़ी ने उत्तराखण्ड में ट्रैकिंग एजेंसियों व कम्पनियों के रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था को पुख्ता करने के निर्देश दिए
- डीएफओ को ट्रैकिंग के लिए आने वाले पर्यटकों की जानकारी जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग के साथ अनिवार्यतः सांझा करने के निर्देश

**तत्काल एक प्रभावी ट्रैकिंग पॉलिसी एवं एसओपी बनाने की हिदायत**

देहरादून , 29 दिसम्बर , राज्य में ट्रैकिंग के लिए आने वाले पर्यटकों की सुरक्षा को गम्भीरता से लेते हुए अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने उत्तराखण्ड में ट्रैकिंग एजेंसियों व कम्पनियों के रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था को पुख्ता करने, प्रदेश में एक प्रभावी ट्रैकिंग पॉलिसी या एसओपी बनाने के साथ ही डीएफओ को ट्रैकिंग के लिए आने वाले पर्यटकों की जानकारी जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग के साथ अनिवार्यतः सांझा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिलाधिकारियों को भी इस सम्बन्ध में डीएफओ, पर्यटन विभाग तथा ईको टूरिज्म से समन्वय करने के निर्देश दिए हैं। राधा रतूड़ी ने स्पष्ट किया है कि समय पर ट्रैकिंग एसओपी प्रभावी न होने की दशा में प्रदेश में आने वाले ट्रैकर्स की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही की घटना के लिए वन विभाग को सीधे तौर पर उत्तरदायी ठहराया जाएगा एवं कार्यवाही की जाएगी। एसीएस ने वन विभाग को सख्त हिदायत दी है कि ट्रैकिंग एजेंसियों के लिए भी एक ठोस एसओपी के साथ ही ट्रैकर्स के लिए पुख्ता सुरक्षा मापदण्ड, बीमा, प्रशिक्षित गाइड्स, स्नो इक्वपमेन्ट्स, हेल्थ सर्टिफिकेट, बेसिक मेडिसिन की तत्काल व्यवस्था को लागू किया जाए।

सचिवालय में प्रदेश में शीत लहर के सम्बन्ध में प्रशासन की तैयारियों की समीक्षा के दौरान अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने विशेषरूप से निर्माणधीन स्थलों में रहने वाले जरूरतमंदों श्रमिकों के शीत लहर से बचाव एवं राहत के लिए श्रम विभाग को तत्काल सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। घने कोहरे के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं के दृष्टिगत एसीएस ने हरिद्वार तथा उधमसिंह नगर जिलों में ट्रैफिक एवं पुलिस विभाग कों विशेषरूप से अलर्ट मोड पर रहने की हिदायत दी है। इसके साथ ही उन्होंने फायर डिपार्टमेंट को आग की घटनाओं को रोकने के लिए सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए हैं। जरूरतमंदों की मदद के लिए दान किये जाने वाले गर्म कपड़ों को एकत्रित एवं वितरित करने के लिए एसीएस रतूड़ी ने एक पोर्टल बनाने के भी निर्देश आज की बैठक में दिए हैं।

बैठक में अपर मुख्य सचिव द्वारा लोक निर्माण विभाग को सड़कों की कनेक्टिविटी बनाए रखने, जेसीबी की व्यवस्था करने, सड़कों से पाला हटाने के लिए परम्परागत उपायों के साथ नए समाधानों पर कार्य करने निर्देश दिए गए। इस दौरान सभी जनपदों को सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाने की व्यवस्था एवं कम्बलों के वितरण, अस्थाई रैनबसेरो में बिजली, पानी, बिस्तर एवं साफ-सफाई की व्यवस्था करने, इस सम्बन्ध में पृथक से नोडल अधिकारी नामित करने, सभी जनपदों में खाद्य आपूर्ति, पेयजल एवं ईंधन की जनवरी माह के अन्त तक के लिये पर्याप्त मात्रा में भंडारण करने, चिकित्सा स्वास्थ्य हेतु आपातकालीन सेवाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।बैठक में सचिव डा0 रंजीत कुमार सिन्हा सहित सम्बन्धित विभिन्न विभागो के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# एसीएस राधा रतूड़ी ने मुख्यमंत्री की चम्पावत घोषणाओं की समीक्षा की

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

- मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं के क्रियान्वयन को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए त्वरित कार्यवाही एवं प्रक्रियाओं के सरलीकरण की हिदायत दी



देहरादून , 29 दिसम्बर , अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं के क्रियान्वयन को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए त्वरित कार्यवाही एवं प्रक्रियाओं के सरलीकरण पर बल दिया है। इसके साथ ही उन्होंने सभी विभागों को घोषणाओं के क्रियान्वयन/पूर्ति की अद्यतन स्थिति घोषणा पोर्टल पर अपडेट करने के निर्देश दिए। सचिवालय में मुख्यमंत्री द्वारा विधान सभा क्षेत्र चम्पावत हेतु की गई घोषणाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा के दौरान एसीएस रतूड़ी ने लोक निर्माण विभाग, शहरी विकास, पर्यटन, विद्यालयी शिक्षा, सिंचाई, धर्मस्व एवं संस्कृति, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, ग्रामीण निर्माण, सूचना प्रौद्योगिकी, वन, राजस्व, गृह, आपदा प्रबन्धन, ऊर्जा, आवास, उच्च शिक्षा, कृषि एवं कृषक कल्याण, परिवहन, समाज कल्याण, सूचना, सैनिक कल्याण, युवा कल्याण, नागरिक उडडयन, खेल, औद्योगिक विकास विभाग के तहत की गई घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा की।

बैठक में अपर मुख्य सचिव ने औद्योगिक विकास विभाग को चम्पावत के बनबसा एवं आसपास के स्थानों पर सिडकुल निर्माण हेतु, सैनिक कल्याण विभाग को बनबसा में सैनिक स्मारक निर्माण, कृषि एव कृषक कल्याण विभाग को जिले में नाबार्ड मद से औद्योगिक विकास, खेल विभाग को बनबसा में स्टेडियम निर्माण, आपदा प्रबन्धन विभाग को चम्पावत में मल्टी पर्पस डिजास्टर रिलिफ सेंटर बनाने, समाज कल्याण विभाग को मुख्यालय चम्पावत में बाबा साहेब डा0 भीमराव अम्बेडकर जी की मूर्ति एवं अम्बेडकर भवन बनाने, टनकपुर, ऊर्जा विभाग को बनबसा क्षेत्र में 132 के0 वी0 विद्युत स्टेशन स्थापित करने, युवा कल्याण विभाग को हिडिम्बा मंदिर के समीप खेल मैदान का निर्माण करने जैसी विभिन्न महत्वपूर्ण घोषणाओं की गतिमान कार्यवाही को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में सचिव शैलेष बगौली, डा0 रंजीत कुमार सिन्हा सहित विभिन्न विभागों के उच्च अधिकारी मौजूद रहे।

# सांसद टम्टा की अध्यक्षता में न्यायपंचायत स्तरीय बहुद्देशीय शिविर आयोजित

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

अल्मोड़ा। केंद्र सरकार द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा जनहितैषी योजनाओं पर केंद्रित योजनाओं के प्रचार-प्रसार के सम्बन्ध में आज विकास खण्ड धौलादेवी के दन्या बाजार रामलीला मैदान में न्यायपंचायत स्तरीय बहुद्देशीय शिविर का आयोजन सासंद अजय टम्टा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस दौरान सांसद ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा जनहितैषी योजनाओं पर केंद्रित है। उन्होंने कहा कि यात्रा के लिए ग्रामीण क्षेत्र तथा शहरी क्षेत्र की योजनाएं चिन्हित की गई हैं, इनमें स्वस्थ भारत मिशन, खाद्य सुरक्षा, गुणवत्ता शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, उचित पोषण, गरीबों के लिए आवास, वित्त पोषण सेवाओं और सामाजिक सुरक्षा से संबंधित योजनाएं शामिल हैं। योजनाओं की जानकारी और प्रचार-प्रसार के लिए प्रत्येक जिले में ग्राम पंचायत तक यात्रा रथ पहुच रहे हैं। उन्होंनें अधिकारियों, कर्मचारियों को निर्देश दिए कि केंद्र व राज्य सरकार से जुड़ी जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रत्येक गांव तक पहुंचाने के साथ ही योजनाओं से वंचित लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाया जाना सुनिश्चित किया जाय। प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी से जरूरत मंदों की सभी प्रकार की बुनियादी समस्याओं का त्वरित समाधान हो रहा है। पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, खाद्यन्न सहित अनेक प्रकार की समस्याओं का निराकरण अब घर बैठे होने लगा है।

इस शिविर में कृषि, उद्यान, समाज कल्याण, बाल विकास, पेयजल विभाग, शिक्षा, पशुपालन, उद्योग, राजस्व, पर्यटन, उरेड़ा, डेयरी, स्वास्थ्य सहित सभी विभागों ने अपने विभाग से सम्बन्धित योजनाओं के स्टॉल लगाकर आम जनता को योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान समाज कल्याण विभाग द्वारा 04 कान की मशीनें, 10 लाठियॉ, 01 बैसाखी वितरित किये गये।

# आसमान में लग्जरी होटल, बादलों के बीच रात गुजारने का मौका

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 29 दिसंबर : दुनिया में एक से एक आलीशान होटल और लग्जरी होटल हैं. इनमें कुछ बेहद अनोखे हैं. 'एश्चर क्लिफ' स्विट्जरलैंड में पहाड़ों की गोद में बना हुआ है, जहां अलग ही रोमांच महसूस होता है. मालदीव के रंगाली आइलैंड पर स्थित 'कोनराड होटल' तो समुद्र के बीच बना हुआ है. फ्रांस के 'एट्रप रीव्स' में अगर आप ठहरे तो चारों ओर से बर्फबारी का आनंद मिलेगा. इसी तरह इटली के पहाड़ पर एक गुफा के अंदर बनाया गया 'ग्रोटा होटल' आपको रोमांच से भर देगा. लेकिन क्या आप आसमान में होटल के बारे में सोच सकते हैं।

जिसमें जिम से लेकर स्विमिंग पूल जैसी शाही सुविधाएं मौजूद हों. सुनने में यह एक हसीन ख्वाब लग रहा होगा, लेकिन ये हकीकत है. आज हम आपको एक स्काई क्रूज के बारे में बताने जा रहे हैं, जो होटलों की तरह बनाया गया है. इसमें आपको बादलों के बीच रहकर रात गुजारने का मौका मिलेगा. ऐसा महसूस होगा कि आप आसमान में बने फाइव स्टार होटल में रह रहे हों.







एडवेंचर करने वालों के लिए यह शानदार जगह होगी।

सोशल मीडिया पर इस स्काई क्रूज का फोटो पोस्ट किया गया है. यमन के इंजीनियर हाशेम अल-घैली ने इसके बारे में विस्तार से बताया है. उनके मुताबिक, यह एक विशाल न्यूक्लियर-पावर्ड 'फ्लाइंग होटल' है, जो आसमान में ही उड़ता रहेगा. न्यूक्लियर-पावर्ड का मतलब आप समझे कि यह डीजल पेट्रोल या गैस से नहीं चलेगा. एटम फ्यूल से चलेगा. इसमें एक साथ 5000 यात्री रह सकेंगे. हवा में उड़ते हुए बादलों के बीच रहना किसी को भी रोमांच से भर देगा. इसमें जिम से लेकर स्विमिंग पूल तक तमाम सुविधाएं होंगी. फोटो में आप इसे देख भी सकते हैं. आपको यकीन नहीं होगा कि आसमान में इतना ऊंचा महल रह भी सकता है. खास बात इसमें बार-बार फ्यूल नहीं देना होगा; एक बार भरने के बाद काफी दिनों तक चलता रहेगा।

अंदर से 5 स्टार होटल जैसा आता नजर


यह उड़ने वाला होटल विलासिता का प्रतीक है. अंदर से यह किसी 5 स्टार होटल जैसा नजर आता है. इसमें शॉपिंग मॉल, बार, रेस्टोरेंट, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, सिनेमा हॉल के साथ बच्चों के खेलने के लिए ग्राउंड भी बनाया गया है. इसके अंदर एक कांफ्रेंस सेंटर भी होगा, जहां कोई भी आयोजन किया जा सकेगा. सबसे खास बात, यह स्काई क्रूज पूरी तरह परमाणु एनर्जी से संचालित है. इसे फ्यूजन रिएक्टर से चलाया जाएगा. सीधी भाषा में समझें तो इसमें हवाई जहाज की तरह ईंधन भरने की जरूरत नहीं होगी. एटम फ्यूल होने की वजह से यह हमेशा हवा में उड़ता रहेगा. इसका रखरखाव और मरम्मत भी हवा में ही हो जाएगी।

# कहीं आपको भी नहीं है फूड एलर्जी, ऐसे लगा सकते हैं पता

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 29 दिसंबर : आपने कई बार देखा होगा कि कई लोगों को खाने की हर चीज सूट नहीं करती। या फिर आपने खुद भी एक्पीरियंस किया होगा कि कुछ फूड्स खाते ही दिक्कतें शुरू हो जाती हैं। जैसे कई लोगों को मछली या इसी तरह का सीफूड पचता नहीं है, तो किसी के दूध या डेयरी प्रोडक्ट्स के सेवन से एक्ने की समस्या शुरू हो जाती है। हालांकि, क्या आपने कभी सोचा है कि आखिर फूड एलर्जी क्यों होती है।

गुरुग्राम के सीके बिरला हॉस्पिटल में इंटरनल मेडिसिन कंसल्टेंट, डॉ. ने बताया कि फूड एलर्जी हमारे इम्यून सिस्टम की प्रतिक्रिया होती है, जो किसी खास फूड आइटम को खाने के बाद पैदा होती हैं। एलर्जी पैदा करने वाले खाद्य पदार्थों का मामूली मात्रा में सेवन करने से भी तत्काल तरह-तरह के लक्षण दिखाई देने लगते हैं। फूड एलर्जी के लक्षण आमतौर पर




बच्चों और शिशुओं में ज्यादा होते हैं, लेकिन ये किसी भी उम्र में देखे जा सकते हैं। कई बार आपको ऐसे खाद्य पदार्थों से भी एलर्जी हो सकती है, जिन्हें आप बिना किसी दिक्कत के कई सालों से खाते आ रहे हों। फूड एलर्जी के लक्षण हल्के-फुल्के से लेकर गंभीर तक हो सकते हैं।

फूड एलर्जी के सबसे सामान्य लक्षणों में शामिल हैं:मुंह में झनझनाहट या खुजली होना पित्ती उछलना खुजलाहट होंठों पर, चेहरे, जीभ और गले या शरीर के अन्य भागों में सूजन पेट में दर्द, डायरिया, मितली या उल्टी।

# आपको भी है सुबह उठते ही फोन देखने की आदत, जान लें इसके नुकसान

न्यूज़ वायरस नेटवर्क


ब्यूरो रिपोर्ट 29 दिसंबर : आजकल के समय में मोबाइल हर किसी के जिंदगी का अहम हिस्सा बन चुका हैं। हम हर वक्त फोन का इस्तेमाल करते हैं।फोन से इतना जुड़ गए हैं कि रात को सोने से पहले और सुबह उठते ही हमें सिर्फ अपना फोन ही नजर आता है। हम सभी सुबह उठते ही फोन का इस्तेमाल करने लगते हैं, लेकिन क्या आपको यह पता है कि सुबह उठते ही फोन का इस्तेमाल करने से कई तरह के नुकसान हो सकते हैं। आज हम आपको बताएंगे कि सुबह उठते ही फोन का इस्तेमाल क्यों नहीं करना चाहिए।

हाल ही में यूनाइटेड किंगडम में करीब 2000 लोगों पर एक सर्वे कराया गया। इस सर्वे में पाया गया कि जो लोग सुबह उठकर फोन का इस्तेमाल करते हैं उनके दिन की शुरुआत स्ट्रेस से होती है। जिसके कारण उन्हें अपने कार्य करने में कई दिक्कतें आती हैं। विशेषज्ञों की मानें तो , सुबह उठते ही जब हम मोबाइल में नोटिफिकेशन देखते हैं, हमारा दिमाग सिर्फ उसी विषय के बारे में सोचने लगता है। जिसके कारण हमारा दिमाग किसी दूसरे काम में नहीं लगता है। ऐसा करने से हमारे कार्यक्षमता पर भी असर पड़ता है। सुबह उठते ही जब हम किसी चीज के बारे में सोचने लगते हैं। लगातार उस विषय के बारे में सोचने से हमें तनाव और एंग्जाइटी होने लगती है। ऐसा कहा जाता है कि सुबह के वक्त कई लोगों का ब्लड प्रेशर बढ़ा हुआ होता है।

ऐसे में ज्यादा तनाव लेने से ब्लड प्रेशर लेवल और बढ़ सकता है। इसके कारण आपको कई गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ सकता है। सुबह उठते ही जब हम अपनी मेल या नोटिफिकेशन चेक कर रहे होते हैं। तब हम बीते दिनों की बातों को पढ़ रहे होते है। जिसके कारण हम अपने वर्तमान को भूलकर अतीत में जीने लगते हैं। इसकी वजह से आप अपना मन और दिमाग को वर्तमान में नहीं लगा पाते हैं। जिसके कारण आपके दिन की शुरुआत अच्छे ढंग से नहीं होती है। एक्सपर्ट्स के अनुसार सुबह उठते ही फोन का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। आप सुबह उठने के बाद मेडिटेशन और योगा भी कर सकते हैं। मेडिटेशन और योग करने से आपका मन और दिमाग को शांति की प्राप्ति होगी। जिसकी वजह से आप अपने कार्य बेहतर तरीके से कर पाएंगे।



# रोते वक्त आंखों में कहाँ से आ जाते है आंसू, जानिए



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 29 दिसंबर : रोना भले ही किसी को पसंद न हो लेकिन प्यार और दुख के ऐसे कई मौके आते हैं जब लोगों की आंखों से आंसू निकलने लगते हैं. आंसुओं का संबंध हमारी मनोदशा से होता है. लेकिन आपने कभी सोचा की जब हम रोते हैं तो हमारी आंखों से अपने आप आंसू क्यों निकलते हैं? आपको बता दें कि आंखों में आंसू आने की वजह पूरी तरह वैज्ञानिक है. आज हम आपको इसके बारे में विस्तार से बताने जा रहे हैं. रोने की होती हैं कई वजह आपको बता दें कि इंसानों के आंखों से आंसू किसी दुख, परेशानी या बेहद खुशी के मौके पर ही नहीं आते हैं, बल्कि ये किसी खास गंध या चेहरे पर तेज हवा के लगने के वजह से भी आते हैं. इसके अलावा प्याज काटने पर आंसुओं का निकलना आम बात है.

वैज्ञानिकों ने आंसुओं को मुख्य रूप से तीन श्रेणी में बांटा है. आंसुओं की पहली श्रेणी है बेसल. ये नॉन-इमोशनल आंसू होते हैं, जो आंखों को सूखा होने से बचाते हुए स्वस्थ रखते हैं. दूसरी श्रेणी में भी नॉन-इमोशनल आंसू ही आते हैं. ये आंसू किसी खास गंध पर प्रतिक्रिया से आते हैं, जैसे प्याज काटने या फिनाइल जैसी तेज गंध पर आने वाले आंसू इसके बाद आती है आंसुओं की तीसरी श्रेणी जिसे क्राइंग आंसू कहते हैं. क्राइंग आंसू भावनात्मक प्रतिक्रिया के तौर पर आते हैं. दरअसल, इंसान के दिमाग में एक लिंबिक सिस्टम होता है, जिसमें ब्रेन का हाइपोथैलेमस होता है. ये हिस्सा नर्वस सिस्टम से सीधे संपर्क में रहता है. इस सिस्टम का न्यूरोट्रांसमीटर संकेत देता है और किसी भावना के एक्स्ट्रीम पर हम रो पड़ते हैं. इंसान केवल दुख में ही नहीं, बल्कि गुस्सा या डर होने पर भी रोने लगता है, और आंखों से आंसू आने लगते हैं.

आंखों में आंसू आने की सबसे बड़ी वजह है प्याज में मौजूद केमिकल. इसे सिन-प्रोपेंथियल-एस-ऑक्साइड कहा जाता है. जब प्याज को काटा जाता है तो इसमें मौजूद यह केमिकल आंखों में मौजूद लेक्राइमल ग्लैंड को उत्तेजित करता है, इस कारण आंखों से आंसू निकलने लगते हैं. अगर आप चाहते हैं कि प्याज काटते समय आंसू न आए तो इसके लिए उसे काटने का तरीका बदलना पड़ेगा.

# एसडीआरएफ चीफ मणिकांत मिश्रा की टीम को डीजीपी अभिनव कुमार के निर्देश

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 29 दिसंबर :उत्तराखंड के पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार ने पुलिस मुख्यालय स्थित सभागार में एसडीआरएफ के कार्यों की समीक्षा की , जिसमें अमित सिन्हा, अपर पुलिस महानिदेशक, प्रशासन, पुलिस महानिरीक्षक, एसडीआरएफ- रिधिम अग्रवाल, मणीकान्त मिश्रा, सेनानायक एसडीआरएफ सहित अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।पुलिस महानिरीक्षक, एसडीआरएफ- रिधिम अग्रवाल द्वारा एसडीआरएफ की जनशक्ति, उपलब्ध उपकरणों, चुनौतियों एवं भविष्य की कार्य योजना पर प्रस्तुतिकरण के माध्यम से प्रकाश डाला गया।



अमित सिन्हा, अपर पुलिस महानिदेशक, प्रशासन द्वारा CBRN (Chemical, Biological, Radiological, Nuclear) & Industrial hazard टीम की क्षमता को बढ़ाते हुए इन्हें उच्च प्रशिक्षण प्रदान कराया जाएगा। आपदा में ड्रोन की अहम भूमिका रहती है। इसलिए एसडीआरएफ के मूलभूत प्रशिक्षण में ड्रोन प्रशिक्षण को भी सम्मिलित किया जाए।समीक्षा बैठक में पुलिस महानिदेशक द्वारा किसी भी आपदा में रिसपोंस टाइम को सुधारने, दक्षता बढ़ाने आदि विषयों पर निम्न दिशा-निर्देश दिये गये-

1. कुमाऊँ परिक्षेत्र में एसडीआरएफ की नई बटालियन खोले जाने पर विचार किया गया।

2. होमगार्ड के जवानों को भी आपदा प्रबन्धन एवं अन्य आवश्यक प्रशिक्षण कराकर एसडीआरएफ में तैनात किया जाए।

3. जल पुलिस एवं बाढ़ राहत पीएसी दल का एसडीआरएफ में विलय किया जाएगा, जिससे वाटर रेस्क्यू में एसडीआरएफ की कार्यदक्षता में अभिवृद्वि होगी।

4. एसडीआरएफ को और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा। राहत एवं बचाव कार्य हेतु अत्याधुनिक उपकरणों को क्रय करने के सम्बन्ध में भी निर्णय लिये गये।

5. हाई एल्टीट्यूड रिस्क्यू ऑपरेशन में दक्षता बढ़ाने के लिए हेली स्लाइदरिंग प्रशिक्षण कराया जाए।6. किसी भी आपदा के समय कार्यवाही के लिए Readiness, Response और Post Response की एसओपी तैयार करने हेतु निर्देशित किया।

# देहरादून फुटबॉल एकेडमी अंडर 12 ने नवादा एफ सी को हराकर विजेता बनी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 29 दिसंबर : दून यूनिवर्सिटी देहरादून के फुटबाल ग्राउंड मे 25 दिसम्बर से 28 दिसम्बर तक चले दून सौकर टूनामेंट के फाइनल मैच मे देहरादून फुटबाल एकेडमी अंडर 12 ने नवादा एफ सी को 1-0 से हराकर विजेता बनीविजेता टीम से एक मात्र गोल शुभांकर काला ने 35 मिनट मे विजय गोल मारा और टीम को विजेता बनायाबेस्ट प्लेयर ऑफ़ द टूर्नामेंट 9 साल के बेहतरीन खिलाडी अदीविया कुनियाल को मिला और टीम कप्तान कृष्णा उप्रेती और सभी खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया



मुख्य अतिथि उत्तराखंड के फुटबाल जगत के प्रसिद्ध व्यक्ति डॉ विरेन्द्र सिंह रावत ( अनगिनत इंटरनेशनल, नेशनल और स्टेट अवार्ड से सम्मानित ) ने सभी विजेता और उपविजेता टीम को मैडल और ट्रॉफी से नवाजाऔर सभी आयोजक कर्ता भूपेश, हर्षित, हिमांशु को बेहतरीन आयोजन के लिए ढेर सारी बधाई और शुभकामनायें दीमुख्य अथिति डॉ विरेन्द्र सिंह रावत ने समस्त खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया और कहा जीवन भर खेल को अभिन्न अंग बनाये कोई भी खेल खेले रोज जिससे आपका शारीरीक विकास होगा नशे से दूर रहेंगे, मोबाइल कम से कम प्रयोग करे, फ़ास्ट फूड को बिलकुल ना खाये घर का बना खाना खाये, कच्ची हल्दी का दूध, हरी सब्जी, दाल चावल, जूस, फल, चने का प्रयोग करे जीवन भर पढ़ाई और खेल को जीवन भर उपयोग करे, सकारात्मक रहेजिससे आपका शरीर हमेशा स्वस्थ रहेगा

राज्य खेल फुटबॉल को प्रोत्साहित करे2024 मे उत्तराखंड मे नेशनल खेल होता है इसलिए खूब मेहनत करे

# उत्तराखंड : बर्फबारी से होगा नए साल का स्वागत, 6 जिलों में अलर्ट

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 29 दिसंबर : उत्तराखंड में मौसम बदल गया है। उत्तरी-पश्चिमी हवाएं चलने से ठंड बढ़ने लगी है। जो पर्यटक क्रिसमस पर बर्फबारी नहीं देख पाए थे, वो साल की विदाई पर उत्तराखंड में बर्फबारी का लुत्फ उठा सकेंगे। 30 दिसंबर से लेकर 1 जनवरी तक प्रदेश के पहाड़ी इलाकों में बारिश और बर्फबारी देखने को मिल सकती है।





मौसम वैज्ञानिक ने बताया की 30 दिसंबर को उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, पिथौरागढ़, बागेश्वर और अल्मोड़ा में हल्की बारिश-बर्फबारी का अनुमान है। इन पांच पर्वतीय जिलों में तीन हजार मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी हो सकती है। 30 दिसंबर के अलावा 31 दिसंबर की रात और एक जनवरी को भी पर्वतीय जिलों में बारिश और बर्फबारी होने का अनुमान जताया गया है।

ऐसे में उत्तराखंड के अधिक ऊंचाई वाले कुछ पर्यटक स्थलों पर थर्टी फर्स्ट और नए साल पर पर्यटकों को बर्फ का आनंद लेने का मौका मिल सकता है। नए साल में प्रदेश भर के मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। पर्वतीय जिलों में बारिश व बर्फबारी होने से पहाड़ से लेकर मैदान तक ठंड बढ़ेगी। 31 दिसंबर के बाद पर्वतीय जिलों में बारिश व बर्फबारी होने से प्रदेशभर में शीतलहर चलेगी, जिससे ठंड में इजाफा होगा। इसका असर दिन के तापमान में भी देखने को मिलेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### बंदर स्कूल जाती बच्ची पर झपटा, घायल

चमोली।गुरुवार को स्कूल जाती बच्ची पर एक बंदर झपट गया। बंदर से बचने के चक्कर में बच्ची घायल हो गई। जिसे उपचार के लिए उपजिला अस्पताल ले जाया गया। यहां बच्ची का उपचार कर घर भेज दिया गया। सुभाषनगर निवासी राकेश सती, लखपत सिंह आदि ने बताया कि गुरुवार सुबह को एक स्कूल जाती बच्ची पर बंदर झपट पड़ा। जिससे बच्ची के पैर में चोट लग गई। इस दौरान यहां से गुजर रही एक महिला पुलिस अधिकारी ने बच्ची को अस्पताल पहुंचाया। उपजिला अस्पताल के सीएमएस डा. हरीश थपलियाल ने बताया कि घायल बच्ची अमीषा उम्र 16 वर्ष के पैर में फ्रेक्चर आ गया था। जिसका उपचार कर दिया गया। इधर स्थानीय निवासियों का कहना है कि सुभाषनगर में लगातार बंदरों का आतंक बढ़ रहा है। यहां के पैदल मार्ग, मुख्य मार्ग सहित कूड़े दानों के आस पास बंदरों के झुंड बड़ी संख्या में रहते हैं। जो स्कूल आते जाते बच्चों पर झपट रहे हैं। लोगों ने स्थानीय प्रशासन और वन विभाग से जल्द बंदरों के आतंक से निजात की मांग की है।

### आदिबदरी मंदिर में पांडव नृत्य का आयोजन

चमोली।बाला सुंदरी समाज कल्याण समिति रुद्रप्रयाग के माध्यम से गुरुवार को आदिबदरी मंदिर परिसर में पांडव नृत्य का प्रदर्शन किया गया।यह समिति संस्कृति एवं लोक कला के जागरण एवं सर्वधन के अभियान पर निकली है। इस अभियान का शुभारंभ समिति ने आदिबदरी मंदिर धाम से किया। ढोल दमाऊं के 36 ताल पर 16 कलाओं के पांडव नृत्य ने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। समिति के अध्यक्ष सुनील भंडारी ने बताया कि शुक्रवार से 4 जनवरी तक कर्णप्रयाग में कार्यक्रम प्रस्तुत करेगी। इससे पूर्व समिति सदस्यों के मंदिर में पहुंचने पर मंदिर महासचिव हेमेंन्द्र कुंवर, थापली एवं जुलगढ की ममंदल सदस्यों ने उनका पारंपरिक तौर पर स्वागत किया। इस अवसर पर हीरा शाह, बलवंत भंडारी, नरेश बरमोला, बलवंत नेगी, सीपी बहुगुणा, बसंत शाह, विजय आदि थे।

### रोशन जिलाध्यक्ष और रमेश बने जिला मंत्री

नई टिहरी।अनुसूचित जाति-जनजाति शिक्षक एसोसिएशन का दो दिवसीय त्रैवार्षिक जिला अधिवेशन व शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी का ब्लाक सभागार घनसाली में विधिवत समापन हुआ। समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए घनसाली विधायक शक्ति लाल शाह ने कहा कि शिक्षक समाज का आईना है। इसलिए शिक्षकों को समाज का सदैव मार्गदर्शन करना चाहिए। विधायक ने शिक्षकों के द्वारा अपनाये जा रहे नवाचार के साथ दूरस्थ स्कूलों में सेवा देने के लिए शिक्षकों की सराहना भी की। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में संगठन का निर्वाचन कर नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। निर्वाचन में जिला अध्यक्ष पद पर रोशन लाल शाह 134 मत पाकर विजयी रहे। जबकि प्रतिद्वंदी महावीर श्रीयाल को 126 मत मिले। जिला मंत्री पद पर रमेश गराकोटि कलम सिंह नेगी को 173 मतों से हराकर विजयी रहे। उपाध्यक्ष पद पर विजय डौढियाल विजयी हुए। कोषाध्यक्ष पद पर भूपेंद्र मालवा निर्विरोध निर्वाचित रहे। नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने कहा कि अनुसूचित जाति-जनजाति शिक्षकों की समस्याओं को सरकार व विभाग गंभीरता से नहीं लेता है। नियुक्ति, पदोन्नति और समायोजन में सबसे सूदूर ब्लाकों व क्षेत्रों में अनुसूचित जाति व जनजाति के शिक्षकों को तैनात किया जाता है। इस भेदभाव से उनमें खासा रोष व्याप्त है। अधिवेशन में प्रदेश संगठन सचिव मनोहर आर्य, मंडलीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार, मंडलीय कोषाध्यक्ष सुशील कांदली एवं भीम लाल मेहरा, रमेश शाह, दिनेश राज, राम प्रकाश सोनी, राम लाल मेहरा, विनोद, दशरथ, भगवती, उतम कोहली, राकेश शाह, मोहन, श्रीदेव शाह, मोहन राज, मनोज खंडवाल, डा त्रिलोक, पुष्पा, मंजू, विनिता, किरन, बिछना, संजय, रोशन, मंडल अध्यक्ष अनूप पाठक, प्रदेश महामंत्री जितेंद्र, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रघुवीर सिंह तोमर आदि मौजूद रहे।

### टिहरी का स्थापना दिवस मनाया गया

नई टिहरी।जनपद टिहरी के स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए डीएम मयूर दीक्षित ने जनपद वासियों को स्थापना दिवस की शुभकामनायें देते हुए कहा कि टिहरी की पौराणिक धरोहरों को संरक्षित करने का काम किया जाना चाहिए। पुरानी टिहरी ऐतिहासिक शहर रहा है। गुरुवार को प्रेस क्लब और पुरानी टिहरी बांध विस्थापित संघर्ष समिति के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम का मुख्य अतिथि डीएम दीक्षित ने शुभारंभ किया। इस मौके पर स्थानीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां भी दी। डीएम ने इस मौके पर भरोसा दिया कि टिहरी प्रभावितों व विस्थापितों से संबंधित कार्यों पर शासन-प्रशासन स्तर से हर सम्भव कार्यवाही की जा रही है।

# फिल्मों में अभूतपूर्व योगदान हेतु दिनेश सहगल सहित कई महान विभूतियों को मिला 'स्व0 राजू श्रीवास्तव सम्मान'







**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 29 दिसम्बर : फिल्म विकास परिषद के अध्यक्ष एवं कॉमेडी की दुनिया के बेताज बादशाह स्व० राजू श्रीवास्तव के जन्म दिन के उपलक्ष पर अवधी विकास संस्थान के अध्यक्ष विनोद मिश्रा, एडवोकेट की ओर से आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि वन्य राज्य मंत्री अरूण सक्सेना एवं सुश्री शिखा श्रीवास्तव द्वारा उ०प्र० में फिल्मों का माहौल बनाने एवं फिल्म निर्माताओं / निर्देशको को यथा सम्भव सहयोग प्रदान करने हेतु दिनेश कुमार सहगल को स्व० राजू श्रीवास्तव स्मृति सम्मान-2023 से सम्मानित किया गया।

साथ ही साथ उत्कृष्ट कार्य हेतु न्यायमूर्ति सुधीर सक्सेना, डॉ० हरि ओम, आई०ए०एस०, डॉ अखिलेश मिश्रा, आई०ए०एस०, हरि प्रताप शाही, आई०ए०एस०, श्री पवन कुमार, आई०ए०एस०, अमित निगम, इनकम टैक्स कमिश्नर, सुश्री सरिता श्रीवास्तव, सचिव, राष्ट्रीय कथक संस्थान, डॉ० अनिल रस्तोगी, अभिनेता एवं श्री विजय सिंह, समाज सेवक को ₹स्व० राजू श्रीवास्तव स्मृति सम्मान-2023₹ से सम्मानित किया गया। समस्त विभूतियों का स्व० राजू श्रीवास्तव से किसी न किसी तरह का जुड़ाव रहा है। प्रेक्षाग्रह में बैठे सभी अतिथियों की आंखे नम रहीं। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ० अखिलेश मिश्रा द्वारा किया गया।

# खेडा गौलापार काठगोदाम में पैरामैडिकल कोर्स के फर्जी डिप्लोमा देने वाला संचालक गिरफ्तार, एसएसपी नैनीताल ने किया खुलासा







**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

नैनीताल, 29 दिसम्बर : श्री प्रहलाद नारायण मीणा, एस0एस0पी0 नैनीताल द्वारा नैनीताल पुलिस के सभी थाना प्रभारियों व विवेचना ईकाईयों को जनपद में अनैतिक गतिविधि अथवा धोखाधडी करने वाले व्यक्तियों के विरूद्व कठोर वैधानिक कार्यवाही अथवा प्रभावी विवेचना करने के निर्देश दिये गये हैं। जिस आदेश के क्रम में विगत 11.10.2023 को वादी हिमांशु नेगी पुत्र गोपाल सिंह नेगी निवासी मुखानी हल्द्वानी (DPMI खेडा, गौलापार काठगोदाम का वर्ष 2019 का छात्र ) की तहरीर जिसमें DPMI काठगोदाम के MD डॉं प्रकाश सिंह मेहरा और प्रधानाचार्य डॉं पल्लवी मेहरा व तनुजा गंगोला ( रिसेप्निस्ट ) के द्वारा राज्य में पंजीकरण के सम्बन्ध में लाखों रुपये हड़प लेने के आधार पर थाना काठगोदाम मे दिनांकः 11.10.2023 को मुकदमा अपराध संख्या 150/23 धारा 420 भादवि बनाम डॉं प्रकाश सिंह मेहरा, डॉं पल्लवी मेहरा, तनुजा गंगोला पंजीकृत किया गया। एस0एस0पी0 नैनीताल द्वारा सम्बन्धित पुलिस प्रभारी अधिकारियों को मामले का तत्काल खुलासा करने एवं आरोपियों की गिरफ्तारी करने के सख्त निर्देश दिये गये।

थाना काठगोदाम में पंजीकृत उपरोक्त धोखाधडी के मामले में श्री हरबन्स सिंह, एस0पी0सिटी0 हल्द्वानी के मार्गदर्शन, श्री भूपेन्द्र सिंह धौनी क्षेत्राधिकारी हल्द्वानी के पर्यवेक्षण में श्री विमल कुमार मिश्रा, थानाध्यक्ष काठगोदाम को टीम गठित करते हुए प्रभावी विवेचना कराये जाने के निर्देश दिये गये।

सम्बन्धित अभियोग की विवेचना उ0नि0 श्री मनोज कुमार को दी गयी। दौराने विवेचना DPMI काठगोदाम के संचालक/आरोपी द्वारा बताया गया कि उसके द्वारा वर्ष 2018 में DPMI दिल्ली की फ्रैंचाईजी ली गयी, और पूर्वी खेडा गौलापार में DPMI काठगोदाम कालेज का संचालन शुरु कर पैरामेडिकल के विभिन्न कोर्सो शुरु कर छात्रों को एडमिशन दिया गया। DPMI काठगोदाम द्वारा वर्ष 2018 के 08 छात्र छात्राओ, वर्ष 2019 के 37 छात्र छात्राओ, वर्ष 2020 के 21 छात्र छात्राओ को पैरामेडिकल कोर्स का डिप्लोमा दिया गया और वर्ष 2021 के 30 छात्र छात्राओ को डिप्लोमा देना शेष है।

दौराने विवेचना के क्रम में क्च्ड्प काठगोदाम की मुख्य शाखा DPMI दिल्ली जाकर पता चला कि DPMI दिल्ली द्वारा DPMI काठगोदाम के वर्ष 2018 के 08 छात्र छात्राओ को ही अब तक डिप्लोमा प्रदान किया गया है व वर्ष 2019 के 37 छात्र छात्राओ के प्रथम वर्ष की परीक्षा कराकर प्रथम वर्ष की मार्कशीट दी गयी है। उसके बाद DPMI काठगोदाम के संचालक/आरोपी प्रकाश मेहरा (जोकि उक्त संस्थान का प्रबन्ध निदेशक है) द्वारा फीस जमा न करने पर DPMI दिल्ली द्वारा DPMI काठगोदाम को Fee डिफाल्टर घोषित कर कार्यक्रम बन्द कर दिया गया। वर्ष 2019 में कार्यक्रम बन्द होने के बाद भी आरोपी प्रकाश मेहरा द्वारा छात्र छात्राओ को अपने काँलेज में लाखों रुपये की फीस लेकर दाखिला दिया गया व विवेचना से वर्ष 2019 के 37 व 2020 के 21 कुल 58 छात्र छात्राओ को फर्जी डिप्लोमा प्रदान किया जाना प्रकाश में आया। जिस पर मुकदमा उपरोक्त में 467/468 भादवि की बढ़ोत्तरी कर अभियुक्त प्रकाश मेहरा को दिनांक 27/12/2023 को कमलुवागांजा मुखानी क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तः डाँ प्रकाश मेहरा (मैनेजिंग डायरैक्टर) पुत्र श्री खुशाल सिंह मेहरा नि0 पूर्वी खेडा गोलापार, काठगोदाम हाल गिरजा विहार, कमलुवागांजा, थाना–मुखानी मूल निवासी-ग्राम कैथी, थाना मुन्स्यारी जिला पिथौरागढ, उम्र-36 वर्ष।

पुलिस टीम का नाम1- थानाध्यक्ष श्री विमल कुमार मिश्रा।2- उ0नि0 मनोज कुमार।3- कानि0 851 सुरेन्द्र सिंह।

## संक्षिप्त खबरें

### कृषि यंत्रों पर अनुदान के लिए एक तक करें आवेदन

रुडक़ी। गन्ना विभाग की ओर से किसानों को कृषि यंत्रों पर अनुदान दिया जा रहा है। इसके लिए किसान एक जनवरी तक विभाग की साइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। जेष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक प्रदीप वर्मा ने बताया कि विभाग की ओर से किसानों को कृषि यंत्रों की खरीद पर अनुदान दिया जा रहा है। बताया कि हैरो, कल्टीवेटर और स्प्रे मशीन आदि पर पात्रता के हिसाब से चालीस से पचास फीसदी तक का अनुदान दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि किसान विभाग की ऑनलाइन साइट स्ढ्ढद्दड्डह्म्ष्ड्डठ्ठद्ग.ह्वश्च.द्दश1ह्.द्ब्ठ्ठ पर अपना पंजीकरण कर रजिस्ट्रेशन नंबर ले सकते हैं। योजना का लाभ पहले-आओ, पहले-पाओ के आधार पर दिया जाएगा। आवेदन की अंतिम तिथि एक जनवरी है।

### बिजलीघर के बाहर ग्रामीणों का हंगामा

रुडक़ी ।ज्यादा बिल की शिकायत को लेकर उपभोक्ताओं ने बिजलीघर के बाहर हंगामा किया। जिसके बाद निगम के अधिकारियों से वार्ता के बाद मामला शांत हो पाया। कस्बे के प्रताप कॉलोनी निवासी ग्रामीणों ने बिजली घर पहुंचकर अधिक बिल आने की शिकायत की। उन्होंने कहा कि निगम अधिक बिल भेजकर कनेक्शन काट रहा है जो की सरासर गलत है। इस दौरान ग्रामीणों ने ज्यादा बिल की शिकायत की हंगामा किया। सूचना पर विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर वार्ता की। जिसमें तुरंत समाधान कराए जाने का आश्वासन दिया।

### सिपाही पर कार्रवाई नहीं होने पर आत्महत्या की चेतावनी

रुडक़ी ।रायसी चौकी के महाराजपुर कला गांव निवासी मनीष कुमार ने सीओ लक्सर कार्यालय में शिकायत की कि उसे गांव के शिव मंदिर पर भंडारा कराने की तैयारी कर रहा था। तभी गांव का युवक वहां आकर गाली गजौच करने लगा। लोगों ने उसे समझाकर उसको घर भेज दिया। आरोप है कि आरोपी की रायसी चौकी के एक सिपाही से मित्रता है। उसके कहने पर सिपाही आया और मनीष को चौकी ले गया। मनीष के मुताबिक चौकी में सिपाही ने उसके साथ जमकर मारपीट की। बाद में गांव के लोग आए तो उसे छोड़ा गया। मनीष ने जांच कराकर सिपाही पर कार्रवाई करने की मांग की है। ऐसा नहीं होने पर उसने आत्महत्या करने की चेतावनी दी है। सीओ मनोज ठाकुर ने इसकी जानकारी से इंकार किया है।

### नई टिहरी में आज निकलेगी अक्षत कलश शोभा यात्रा

नई टिहरी ।श्रीराम जन्म भूमि पूजित अक्षत कलश शोभा यात्रा शुक्रवार को सुबह 11 नई टिहरी के मौलधार स्थित कृष्णा चौक, गीता भवन, बौराड़ी बाजार, गणेश चौक होते हुये जानकी मंदिर बौराड़ी तक निकाली जाऐगी। यात्रा समापन के बाद सभी बस्ती टोली प्रमुखों को पूजित अक्षत वितरण हेतु उपलब्ध कराये जाऐंगे। यह जानकारी नगर कार्यवाह रमानुज बहुगुणा तथा नई टिहरी नगर संयोजक अब्बल सिंह श्रीकोटी ने दी। उन्होंने लोगों से अक्षत कलश शोभा यात्रा में शामिल होने की अपील की।

### रुद्रप्रयाग में मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक

रुद्रप्रयाग। लोकतंत्र को मजबूत करने और जन-जन में मतदान के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए जनपद में जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसमें सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम (स्वीप) द्वारा निरंतर लोगों को जागरूक किया जा रहा है ।जनपद के स्कूलों, कॉलेज, नगर पंचायतों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बीएलओ जागरूकता अभियान चलाकर जन जन को लोकतांत्रिक मूल्यों की जानकारी दे रहे हैं। साथ ही लोगों को जागरूक मतदाता बनने की शपथ भी दिला रहे हैं। आगामी लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए स्वीप के तहत जनपद के स्कूल-कॉलेजों में लगातार जागरूकता अभियान चल रहा है। राजकीय इंटर कॉलेज रुद्रप्रयाग, अगस्त्यमुनि, रतूड़ा, त्रिजुगीनारायण, नारायणकोटी, चोपड़ा, चोपता सहित अनेक स्कूलों में बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) मतदान के प्रति छात्रों को जागरूक किया। जबकि स्कूल- कॉलेजों में पोस्टर, निबंध एवं अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन कर छात्र-छात्राओं को खेल- खेल में मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

# देवपूजा अपनी-अपनी पर देश पूजा सभी मिलकर करें : स्वामी चिदानन्द सरस्वती

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**





ऋषिकेश, 28 दिसम्बर। परमार्थ निकेतन में राष्ट्रीय सैनिक संस्था के गौरव सेनानियों और देशभक्त नागरिकों का अभिनन्दन और संकल्प कार्यक्रम परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती के संरक्षण व नेतृत्व में आयोजित किया गया । दो दिवसीय कार्यक्रम में भारत के लगभग सभी प्रदेशों के विशिष्ट अतिथियों ने सहभाग कर ''चरित्र निर्माण के लिये विद्यालयों में प्रारंभिक सैनिक प्रशिक्षण'' देने हेतु चर्चा की। स्वामी चिदानन्द सरस्वती को राष्ट्रीय सैनिक संस्था द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अतिथियों को रेट माइनर्स सम्मान प्रदान किये गये तथा सभी विशिष्ट अतिथियों का शस्त्र अलंकरण किया गया।

इस अवसर पर भारत के 16 राज्यों के सैनिक परिवारों के प्रतिभागियों ने सहभाग कर सभी का ध्यान आकर्षित किया कि कक्षा आठ से ही प्रारम्भिक सैनिक प्रशिक्षण लागू किया जाना चाहिये ताकि राष्ट्रीय एकीकरण, मेरी धरती का मैं बेटा, राष्ट्रीय चरित्र निर्माण और सहनशीलता, कर्तव्य निष्ठा, अनुशासन, प्रतिबद्धता के गुणों को विकसित किया जा सके।परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा कि सैनिकों का जीवन ही अपने वतन के लिये होता है, उनकी शुरूआत भी वतन से और अन्त भी वतन के लिये ही होता है। वे वेतन के लिये नहीं बल्कि वतन के लिये लड़ते हैं। वेतन तो कहीं भी मिल सकता हैं परन्तु वतन तो वतन है। फौजी कभी भी रिटायर नहीं होते बल्कि वे तो राष्ट्र के लिये ही जीते हैं और राष्ट्र हित के लिये ही समर्पित होते हैं। क्या मार सकेगी मौत उसे, देश के हित जो जीता है। मिलता है वतन का प्यार उसे औरों के लिये जो मरता है। हमारे सैनिकों का मरण नहीं स्मरण होता है; न कभी वे रिटायर होते है न ही उनकी राष्ट्र भावना कभी रिटायर होती है। आईये संकल्प ले कि ''देवपूजा अपनी-अपनी पर देशपूजा सभी मिलकर करें।''

इस अवसर पर बिहार मुख्य संयोजक अरूण सिंह जी, उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष महिला विंग सीमा त्यागी जी, उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष युवा विंग योगेश शर्मा जी, हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष युवा विंग नवीन जय हिन्द जी, उत्तरप्रदेश प्रवक्ता ज्ञानेन्द्र त्यागी जी, मुम्बई प्रदेश अध्यक्ष रामसिंह सांघा जी, बृजेश त्यागी जी, मनोज मिश्रा जी, बीपी शर्मा जी, कैप्टन शशिकांत मिश्रा जी और भारत के अन्य प्रदेशों के अतिथियों व सदस्यों ने सहभाग किया।आज के कार्यक्रम में हीरा लाल डॅगवाल जी ने सभी विशिष्ट अतिथियों का अभिनन्दन कर धन्यवाद ज्ञापित किया। तत्पश्चात सभी अतिथियों व प्रतिभागियों ने विश्व विख्यात गंगा जी की आरती में सहभाग किया।

# सशक्त भू कानून बनाने के लिए लक्ष्मी कपरुवाण अग्रवाल ने दिया ज्ञापन






**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**


देहरादून , 29 दिसम्बर , पछवादून जिलाध्यक्ष, कांग्रेस लक्ष्मी कपरुवाण अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि आज महामहिम राजपाल जी को उपजिलाधिकारी, विकासनगर के माध्यम से उत्तराखंड में सशक्त भू कानून बनाने के लिए ज्ञापन दिया।

लक्ष्मी कपरुवाण अग्रवाल ने उपजिलाधिकारी के माध्यम से राजपाल को उत्तराखंड में सशक्त भू कानून बनाए जाने को लेकर ज्ञापन देने के उपरांत मीडिया से बात करते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने जब जेडएएलआर एक्ट में संशोधन कर, उद्योग स्थापित करने के उद्देश्य से पहाड़ में जमीन खरीदने की अधिकतम सीमा और किसान होने की बाध्यता खत्म की गई। साथ ही, कृषि भूमि का भू उपयोग बदलना आसान कर दिया। पहले पर्वतीय फिर मैदानी क्षेत्र भी इसमें शामिल किए गए। आज राज्य की जमीन को राज्य से बाहर के लोग बड़े पैमाने पर खरीद रहे हैं और राज्य के संसाधन पर बाहरी लोग हावी हो रहे हैं जिससे यहाँ के मूल निवासियों पर संकट की स्थिति साफ़ दिख रही है, वर्तमान सरकार जनता को बरगलाने के लिए केवल समिति बनाकर रिपोर्ट का हवाला देकर को भूमि लेने के लिए समय दे रहे है जिससे यहां के मूल निवासी और भूमिधर अब भूमिहीन हो रहे हैं।

इस मौके पर विकास शर्मा प्रदेश सचिव सहित आदि लोग भी उपस्थित रहे

# वो दिन दूर नहीं जब आप ढाई घंटे में देहरादून से पहुंचेंगे दिल्ली

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**





देहरादून 29 दिसंबर : दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस वे पर जल्द ही वाहनों की आवाजाही शुरू हो जाएगी। एनएचएआई दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस वे के निर्माण को शीघ्र पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। देहरादून क्षेत्र में 12 किलोमीटर लंबी एलिवेटेड रोड का कार्य 80 प्रतिशत से अधिक पूरा किया जा चुका है। इस भाग पर नौ किलोमीटर की लंबाई में एलिवेटेड रोड तैयार है। शेष भाग के मार्च 2024 तक पूरा होने की उम्मीद है। एक्सप्रेस-वे के पूरा बनने के बाद दिल्ली-देहरादून का सफर महज ढाई घंटे में पूरा किया जा सकेगा।

परियोजना के तहत सहारनपुर के गणेशपुर क्षेत्र से देहरादून की सीमा तक करीब 12 किलोमीटर लंबी एलिवेटेड रोड बनाई जा रही है। एनएचएआई अधिकारियों के मुताबिक दिल्ली-दून एक्सप्रेस वे का निर्माण 213 किलोमीटर पर कुल 11 पैकेज में गतिमान है। यह कार्य प्राधिकरण के अलग-अलग परियोजना कार्यालय देख रहे हैं। परियोजना को धरातल पर उतारने का काम अलग-अलग पैकेज के मुताबिक मार्च 2024 से लेकर नवंबर 2024 के बीच पूरा होगा। परियोजना की लागत 11,970 करोड़ है। परियोजना निदेशक कार्यालय के अनुसार, एलिवेटेड रोड का काम अंतिम चरण में है। सभी पिलर तैयार किए जा चुके हैं,

जबकि नौ किलोमीटर भाग पर पिलर के ऊपर स्लैब डालना शुरू कर दिया गया है। दिल्ली-सहारनपुर-देहरादून एक्सप्रेस-वे 12 लेन का होगा, और ये हाईवे दिल्ली और देहरादून के बीच पड़ने वाले शहरों के अलावा उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के कई शहरों को भी कनेक्ट करेगा। एक्सप्रेस-वे सहारनपुर, शामली, बड़ौत और बागपत जैसे शहरों से होकर गुजरेगा। इसके बनने से दिल्ली-देहरादून का सफर आसान हो जाएगा। अभी दिल्ली से देहरादून पहुंचने में 5 से 6 घंटे का वक्त लगता है। दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस के बन जाने के बाद ये दूरी महज ढाई घंटे में पूरी कर ली जाएगी। प्रोजेक्ट की कुल लंबाई 213 किलोमीटर है, जिस पर 11 हजार 970 करोड़ रुपये की लागत आएगी।

# उत्तराखंड : शिक्षकों के 4 हजार पदों पर भर्ती

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**




देहरादून 29 दिसंबर : उत्तराखंड में जल्द ही 4 हजार शिक्षकों की भर्ती होगी। इससे प्रदेश में शिक्षा का स्तर सुधरेगा, बेरोजगार युवाओं को नौकरी मिलेगी। इस संबंध में जल्द ही विज्ञप्ति जारी हो सकती है। हल्द्वानी पहुंचे शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत ने इस संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य और शिक्षा को लेकर गंभीर है। शिक्षा को बेहतर करने के लिए सरकार द्वारा 4000 शिक्षकों की जल्द नियुक्ति होने जा रही है। जिसके लिए विज्ञप्ति निकालने की तैयारी चल रही है। शिक्षकों की भर्ती में मूल निवासियों को वरीयता दी जाएगी। शिक्षा मंत्री ने इस दौरान नर्सिंग भर्ती पर भी बात की। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में 3000 नर्सिंग अधिकारियों की जॉइनिंग शुरू कर दी गई है। इसमें 1376 लोगों की जॉइनिंग दे दी गई है। नर्सिंग की इन भर्तियों में किसी भी बाहरी व्यक्ति को नहीं रखा गया है। स्वास्थ्य मंत्री ने कोविड से निपटने की तैयारियों की भी जानकारी दी।उन्होंने कहा कि हम प्रदेश के सभी हॉस्पिटलों में कोविड के मरीजों के लिए 10 बेड आरक्षित करने जा रहे हैं। ऐसे में अगर कोई कोविड पॉजिटिव मिलता है तो उसे तुरंत इलाज मिल सकेगा। स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत ने कहा कि कई राज्यों में कोविड के नए वेरिएंट के मरीज आने के बाद उत्तराखंड स्वास्थ्य विभाग भी अलर्ट है। स्वास्थ्य मंत्रियों की दिल्ली में बैठक हुई है। उस बैठक में दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। कोविड के नए वेरिएंट का उत्तराखंड में अभी तक कोई मामला सामने नहीं आया है। फिर भी स्वास्थ्य विभाग सतर्क है। सभी हॉस्पिटलों को निर्देश जारी किए गए हैं।

# भुलक्कड़ लोगों का गांव, जहां किसी को कुछ याद ही नहीं रहता

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 29 दिसंबर : आजकल लोगों के पास इतना काम होता है कि उन्हें अपने दिमाग में न जाने कितनी चीज़ें एक साथ रखनी पड़ती है. ऐसे में कुछ भी भूल जाना कोई बड़ी बात नहीं है. हालांकि भूलने की इस आदत या बीमारी से इंसान की ज़िंदगी काफी प्रभावित होती है. सोचिए, अगर कोई जगह हो, जो खासतौर पर भूलने की बीमारी से परेशान लोगों के लिए ही बनी हो, तो कितना दिलचस्प होगा.आज हम आपको एक ऐसे ही गांव के बारे में बताएंगे, जहां रहने वाले लोगों को कुछ भी याद नहीं रहता. न वे रास्ते याद कर सकते हैं न ही दुकान पर पैसे देकर कुछ खरीद सकते हैं. ऐसे में यहां उन्हें सब कुछ फ्री में ही दिया जाता है. ये गांव यूरोपियन देश फ्रांस में है और दूसरी जगहों से काफी अलग है।

हर नागरिक को है भूलने की बीमारी

सुनकर आपको अजीब लग सकता है लेकिन लैंडेस नाम के इस गांव का हर नागरिक भूलने की बीमारी यानि डिमेंशिया से पीड़ित है. यहां सबसे बूढ़े नागरिक की उम्र 102 साल है, जबकि सबसे युवा शख्स 40 साल का है. इस गांव को खासतौर पर डिमेंशिया से जूझ रहे लोगों के लिए ही बनाया गया है, जो छोटी-बड़ी बातें भूल जाते हैं. ये एक्सपेरिमेंटल गांव बोर्डो यूनिवर्सिटी के रिसर्चर्स की निगरानी में रहता है, जिसे वे 6 महीने बाद देखने आते हैं और लोगों की प्रोग्रेस जांचते हैं. यहां कुल 120 लोग रहते हैं और उतने ही मेडिकल प्रोफेशनल्स भी.यहां रहने वालों को पैसे रखने की कोई जरूरत ही नहीं है. गांव के चौराहे पर एक जनरल स्टोर है, जहां सारी चीज़ें मुफ्त में मिल जाती हैं. दुकान के साथ-साथ रेस्तरां, थिएटर और कुछ और एक्टिविटीज़ भी हैं, जिसमें लोग हिस्सा ले सकते हैं. एक रिपोर्ट के मुताबिक इस गांव के निवासियों का परिवार उनके यहां रहने के लिए £24,300 यानि करीब 25 लाख रुपये का चार्ज देता है. फ्रांस की स्थानीय सरकार भी इसके लिए 179 करोड़ रुपये से ज्यादा का डोनेशन दे चुकी है।



# 31 दिसंबर तक मसूरी जाने वाले ध्यान दें, पढ़िए ट्रैफिक प्लान

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 29 दिसंबर : पर्यटकों के लिए जरूरी खबर है। न्यू ईयर सेलिब्रेशन के लिए मसूरी जा रहे हैं तो ट्रैफिक प्लान का ध्यान रखें। यहां विंटर कार्निवाल शुरू होने जा रहा है। इसे देखते हुए देहरादून पुलिस ने मसूरी के लिए ट्रैफिक प्लान जारी किया है। शहर में कई मार्गों को वन वे किया गया है। मालरोड पर वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगी। टिहरी बस अड्डे की तरफ से मसूरी की तरफ आने वाले वाहनों को लंढौर में अनुपम चौक से साउथ रोड की तरफ डायवर्ट किया जाएगा। लण्ढौर की तरफ से आने वाले वाहनों को एमडीडीए पार्किंग में पार्क किया जा सकेगा।




देहरादून की ओर जाने वाले वाहनों को नगर पालिका कार्यालय से होते हुए पिक्चर पैलेस बस अड्डे की ओर डायवर्ट किया जायेगा। लाइब्रेरी से पिक्चर पैलेस की तरफ जाने वाले वाहनों को अम्बेडकर चौक (घोडा स्टैंड) से कैमल बैक रोड की तरफ डायवर्ट किया जाएगा। मसूरी से देहरादून जाने वाले वाहनों को किंग ग्रेग से होते हुए जेपी बैण्ड से बार्लोगंज की तरफ डायवर्ट कर झड़ीपानी की ओर से देहरादून की ओर भेजा जायेगा। पिक्चर पैलेस की ओर से जाने वाले वाहनों को बड़ा मोड़ से वाइन वर्ग एलन स्कूल होते हुए बार्लोगंज की ओर भेजा जाएगा। विकासनगर, देहरादून और सुवाखोली की ओर से मसूरी की ओर आने वाले भारी वाहनों का प्रवेश दिन के समय में प्रतिबंधित रहेगा। ग्रीन चौक से झूलाघर होते हुए माल रोड लाइब्रेरी चौक की तरफ वनवे रहेगा।

इसी तरह अंबेडकर चौक से गढ़वाल टेरेस, झूला घर माल रोड की ओर वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। पार्किंग प्लान भी चेक कर लें। पिक्चर पैलेस में 100 और लण्ढौर रोड पार्किंग में 50 से 80 छोटे वाहनों की पार्किंग है। कैम्पटी रोड स्थित पार्किंग में 250 से 300 छोटे वाहन व 20 बड़े वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था है। टाउन हॉल के नीचे और किंग क्रेग पार्किंग में भी चौपहिया और दोपहिया वाहन पार्क किए जा सकेंगे। लोगों से सड़कों पर वाहन न खड़े करने की अपील की गई है। बता दें कि मसूरी में 28 दिसंबर से विंटर लाइन कार्निवाल शुरू हो गया है, जो 31 दिसंबर तक चलेगा। अगर आप भी न्यू ईयर सेलिब्रेशन के लिए मसूरी आ रहे हैं तो Mussoorie Traffic Plan को फॉलो करें।

# क्लच पेडल पर पैर रखकर गाड़ी चलाने से होते हैं ये नुकसान

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 29 दिसंबर : हम अपनी डेली लाइफ में गाड़ी चलाते समय कई ऐसी गलतियां कर बैठते हैं, जिसके चलते गाड़ी के इंजन की लाइफ कम हो जाती है। इस खबर के माध्यम से आपको बताने जा रहे हैं गाड़ी चलाते समय क्लच के सही उपयोग के बारे में, क्योंकि बहुत से लोग गलत तरीके से क्लच पेडल का इस्तेमाल करते हैं, जिसके चलते उन्हें भारी नुकसान का सामना करना पड़ सकता है।



ट्रांसमिशन के अंदर एक लीवर होता है जिसे क्रॉस शाफ्ट के नाम से जाना जाता है। इसका काम क्लच पेडल पर डाले गए दबाव को ट्रांसफर करना होता है। जब क्रॉस शाफ्ट खराब हो जाता है तो इससे पैडल को नीचे धकेलने में परेशानी हो सकती है। इसके कारण आपको क्लच प्रेस करने में दिक्कत आती है। क्रॉस शाफ्ट अधिकतर समय क्लच पेडल पर पैर रखकर कार चलाने की बुरी आदतों के कारण खराब होते हैं।

क्लच प्लेट पर अधिक दबाव बनने के कारण वे जल्दी खराब हो जाते हैं, इससे गाड़ी में ओवरहीटिंग की भी समस्या बनी रहती है। क्लच प्लेट खराब होने के बाद लोग इसके ऊपर हजारों रुपये खर्च कर देते हैं। क्लच पेडल पर पैर रखकर गाड़ी चलाने से इंजन पर दबाव पड़ता है, यही कारण है कि गाड़ी माइलेज कम देती है। इसलिए सलाह दी जाती है कि क्लच का इस्तेमाल केवल जरूरत पड़ने पर ही करें। अगर आप अपनी गाड़ी को ऑफ-रोड पर लेकर जा रहे हैं तो वहां क्लच का सही इस्तेमाल करें। ऑफ-रोडिंग के दौरान कई ऊबड़-खाबड़ सड़कें मिलती हैं, जहां ड्राइवर को थोड़ा सचेत रहकर गाड़ी चलानी होती है।

## संक्षिप्त खबरें

### लघु व्यापारियों ने चौथे वेंडिंग जोन को विकसित करने का मुद्दा उठाया

हरिद्वार (चार सूत्रीय मांगों को दोहराते हुए लघु व्यापार एसोसिएशन से जुड़े लघु व्यापारियों ने नगर निगम पहुंचकर सहायक नगर आयुक्त श्याम सुंदर प्रसाद को ज्ञापन सौंपा। व्यापारियों ने सेक्टर 2 बैरियर से भगत सिंह चौक तक चौथे वेंडिंग जोन को विकसित करने का मुद्दा उठाया। साथ ही उत्तरी हरिद्वार के वेंडिंग जोन की टेंडर प्रक्रिया विष्णु घाट,पंतद्वीप पार्किंग में नई वेंडिंग जोन बनाए जाने, महिला पिंक वेंडिंग जोन के सौंदर्यीकरण की मांग को दोहराया।एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा ने कहा कि सेक्टर 2 बैरियर से भगत सिंह चौक के वेंडिंग जोन की 105 की लाभार्थी सूची में 50 से 55 लगभग स्थानीय कारोबारी सारी औपचारिकताएं पूर्ण कर चुके हैं। इसी के दृष्टिगत प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर योजना उत्तराखंड नगरी फेरी नीति नियमावली के नियम अनुसार सभी लाभार्थियों को लाटरी निकालकर दुकान का आंवटन किया जाना न्याय पूर्ण होगा। इधर एसएनए श्याम सुंदर प्रसाद ने कहा जनवरी के प्रथम सप्ताह में फेरी समिति की बैठक बुलाकर नगर आयुक्त के निर्देशन में उत्तराखंड नगरी फेरी नीति नियमावली के नियम अनुसार शीघ्र ही सेक्टर 2 बैरियर से भगत सिंह चौक के वेंडिंग जोन को विकसित किया जाएगा। ज्ञापन सौंपते वालों में जिलाध्यक्ष राजकुमार एंथोनी, मनोज कुमार मंडल, धर्मपाल सिंह, कमल शर्मा, हेमंत कुमार, नीरज कश्यप, सचिन राजपूत, मानसिंह, आजम अंसारी, नम्रता सरकार, सुमन गुप्ता, सुनीता चौहान, मंजू पाल, पुष्पा दास आदि शामिल रहे।

### सफाई मित्रों के स्वास्थ्य का परीक्षण

हरिद्वार (सफाई मित्रों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए स्वास्थ्य विभाग ने जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर में सफाई मित्रों की खून की जांच, रक्तचाप, मधुमेह, कोलेस्ट्रॉल आदि की निशुल्क जांच की गई। गुरुवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनीष दत्त द्वारा गठित मेडिकल टीम ने चिकित्सा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन टाउन हॉल नगर निगम में किया। इस दौरान मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तरुण मिश्रा ने शिविर का निरीक्षण किया। साथ ही सफाई मित्रों से स्वास्थ्य की जानकारी ली। शिविर में सफाई मित्रों को निशुल्क दवाएं, मास्क, दुबारा प्रयोग में लाए जाने वाले हाथ के दस्ताने आदि सुरक्षा उपकरण और प्राथमिक उपचार से संबंधित मेडिकल किट का वितरण किया गया। शिविर में सफाई निरीक्षक सुनीत कुमार, अर्जुन सिंह, चिकित्सक सत्यम कुमार, फार्मासिस्ट वासी राणा, पीएचएम अनुप्रिया, एलटी मंजू, एएनएम आरती, सपना आदि शामिल रहे।

### साई संस्कार स्कूल ने धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव

हरिद्वार (साई संस्कार स्कूल ने अपना वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया। छात्रों ने स्वयं के हाथों से बनी विभिन्न कलाकृतियों की प्रदर्शनी लगाई। इसमें उत्तराखंड की पारंपरिक ऐपण कला की पेंटिंग को काफी सराहा गया। साथ ही विज्ञान पर आधारित नव वर्ष के कैलेंडर फाइल फोल्डर आदि की खरीदारी भी अभिभावकों और अतिथियों ने की। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे एसएमजेएन कॉलेज के प्रचार्य डॉ. सुनील कुमार बत्रा ने गीता के श्लोक का निष्काम धर्म के ध्येय लेकर चलने को वास्तविक सफलता की कुंजी बताया। प्रधानाचार्य सपना अरोड़ा ने वार्षिक रिपोर्ट के साथ अतिथियों और अभिभावकों का पारंपरिक स्वागत किया। इस मौके पर पंकज अरोड़ा, पार्थ अरोड़ा,अनमोल अरोड़ा, शिक्षक और शिक्षिकाओं सहायक स्टाफ आदि उपस्थित रहे।

### हरिद्वार पहुंचने पर खिलाड़ियों का स्वागत

हरिद्वार (देहरादून में आयोजित खेल महाकुंभ में अंडर-17 आयु वर्ग में देहरादून को हराकर हरिद्वार के चैंपियन बनने पर टीम का स्वागत किया गया। रानीपुर विधायक आदेश चौहान ने गौतम फार्म स्थित गंगा बास्केटबॉल अकादमी पर हरिद्वार पहुंचने पर खिलाड़ियों को माला पहनाकर सम्मानित किया।जनपद बास्केटबॉल एसोसिएशन के सचिव संजय चौहान ने बताया कि उत्तराखंड सरकार द्वारा आयोजित खेल महाकुंभ वर्ष 2023-24 बालक वर्ग में देहरादून में आयोजित प्रदेश स्तरीय चैंपियनशिप में आयु वर्ग-17 में हरिद्वार जनपद की टीम ने फाइनल मैच में देहरादून की टीम को हराकर उत्तराखंड राज्य बनने के बाद पहली बार जीत दर्ज की। खिलाड़ियों को बधाई देते हुए विधायक आदेश चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री का खेलो इंडिया अभियान आज जहां पूरे देश में खेल को आगे बढ़ा रहा है, वहीं राज्य सरकार द्वारा आयोजित खिलाड़ी उदीयमान योजना भी राज्य में खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर रही है। एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष विकास तिवारी ने कहा आज खेलकूद के माध्यम से जहां हरिद्वार के बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास हो रहा है वहीं वे अपने भविष्य के लिए भी राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। आज बास्केटबॉल खेल से जुड़कर बच्चे लगातार हरिद्वार का नाम रोशन कर रहे हैं और वह दिन दूर नहीं जब हरिद्वार के ये प्रतिभावान और होनहार बच्चे राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी हरिद्वार और उत्तराखंड का नाम रोशन करेंगे।

## निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह ने की सीएम से मुलाकात

रुद्रपुर। बुधवार शाम शटीमा में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से उनके आवास पर मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मेयर के रूप में रामपाल सिंह के सफल कार्यकाल की सराहना करते हुए बधाई देते हुए उन्हें अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि रामपाल सिंह ने अपनी व्यवहार कुशलता एवं कर्मठता से रूद्रपुर की जनता के बीच अलग पहचान बनायी हैं। उनके कार्यकाल निर्विवाद रहा है। जिसका लाभ पार्टी को आगामी चुनावों में भी मिलेगा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने राजनैतिक परिदृश्य और आगामी लोकसभा एवं निकाय चुनाव को लेकर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आशीर्वाद एवं उनके मार्गदर्शन में उत्तराखण्ड तेजी से विकास की उंचाईयों को प्राप्त कर रहा है। उत्तराखण्ड को सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने की दिशा में सरकार निरंतर काम कर रही है। डबल इंजन की सरकार के कार्यों से विपक्ष बेचैन है। उन्होनें कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं पार्टी कार्यकर्ताओं की मेहनत से आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी प्रदेश की पांचों सीटों पर एक बार फिर परचम अवसर पर भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा,किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष धीरेंद्र मिश्रा मौजूद रहे।

# कोरोना वैरिएंट को लेकर नेपाल में अलर्ट भारतीय प्रशासन बरत रहा लापरवाही

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

पिथौरागढ़। देश में कोरोना नए वैरिएंट छ्वह.1 की दस्तक के बाद फिर से संक्रमण का खतरा मंडराने लगा है। इंडिया में बढ़ते मामलों को देखते हुए सीमा पर नेपाल सरकार तो सतर्क हो गई। बॉर्डर पर डॉक्टरों की टीम तैनात की गई है। लेकिन, भारतीय प्रशासन लापरवाही बरत रहा है। उत्तराखंड में पिथौरागढ़ जिले में भारत-नेपाल बॉर्डर पर झूलापुलों में भारत की तरफ से लोगों की जांच की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। तो दूसरी ओर, नेपाल में स्वास्थ्य विभाग की टीम बैठी हुई है। पिथौरागढ़ में धारचूला से लेकर झूलाघाट तक बगैर जांच के ही नेपाली नागरिक प्रवेश कर रहे हैं। नेपाल सीमा पर कोरोना संक्रमण रोकथाम को लेकर कोई पहल नहीं की जा रही है। बुधवार को झूलाघाट में झूलापुल खुलते ही दोनों देशों के नागरिक एक से दूसरे देश में आवाजाही करने लगे। इस दौरान उनकी किसी भी प्रकार की जांच नहीं हुई। यानि की लोग बगैर किसी स्वास्थ्य जांच के एक से दूसरे में आवाजाही कर रहे थे। झूलापुल में केवल एसएसबी की ही टीम नजर आई, जो नेपाल आवाजाही कर रहे लोगों की इंट्री और जांच में जुटी हुई थी। बाद में टीम नेपाल क्षेत्र पहुंची। यहां नेपाल पुलिस के साथ ही स्वास्थ्य विभाग की भी टीम ड्यूटी पर तैनात नजर आई। उन्होंने बताया कि कोरोना संक्रमण को देखते हुए सरकार ने पूर्व में चौकी स्थापित की थी, जो जारी है। बॉर्डर पार करने वालों की निगरानी की जा रही है।

कोरोना जांच की कोई व्यवस्था नहीं: उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में धारचूला, जौलजीबी, बलुवाकोट सहित अन्य नेपाल सीमा पर स्थित झूलापुलों में भी कोरोना जांच की कोई व्यवस्था नहीं है। बुधवार को झूलापुलों में स्वास्थ्य विभाग की टीम नजर नहीं आई। लोगों का कहना है कि कोरोना के बढ़ते मामलों के बाद प्रशासन को सीमा पर सतर्कता बरतनी चाहिए। सीमांत के लोगों को कोरोना के नए खतरे से सुरक्षित रखा जा सके।

शासनस्तर से झूलापुल में जांच के निर्देश प्राप्त नहीं हुए है। नेपाल में पूर्व से ही स्वास्थ्य चौकी स्थापित है। वर्तमान में कोविड की जांच वहां भी नहीं की जा रही है। -दिव्या नाथ, प्रभारी झूलाघाट अस्पताल।

दिल्ली में केस मिलने के बाद उत्तराखंड में अलर्टः दिल्ली में कोरोना नए वैरिएंट छ्वह.1 के केस मिलने के बाद उत्तराखंड में अलर्ट जारी किया गया है। स्वास्थ्य विभाग की एडवाइजरी जारी करते हुए अस्पतालों को अलर्ट मोड पर रहने को कहा गया है।

## आपसी संघर्ष में बाघ की मौत

रुद्रपुर। खटीमा की सुरई रेंज में आपसी संघर्ष में एक बाघ मारा गया। बाघ के पोस्टमार्टम की तैयारी चल रही है। बाघ की मौत मंगलवार को हो गई थी। बृहस्पतिवार को बाघ को जंगल से लाकर गेस्टहाउस में रखा गया है। डीएफओ तराई पूर्वी वन प्रभाग संदीप कुमार ने बताया कि दो बाघों के बीच जंगल मे संघर्ष हुवा है। मौके पर पेड़ों पर भी बाघों के पंजों के निशान बने हुवे हैं। जमीन में भी मिट्टी और घास उखड़ी हुई है। जिससे स्पस्ट है कि बाघ की मौत आपसी संघर्ष में हुई है। बाघ के सभी अंग सुरक्षित हैं। विशालकाय बाघ लगभग 12 साल का बताया जा रहा है। बाघ की गर्दन में घाव बने हुवे हैं।


## स्टोन क्रशर के निकट खड़े ट्रक से बैटरी चोरी

रुद्रपुर। चोरों ने स्टोन क्रशर के निकट खड़े ट्रक से दो बैटरी चोरी कर ली। ट्रक स्वामी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। शारिफ पुत्र बुन्दन निवासी बिहारीपुर पुलिस चौकी करुलान बरेली ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसका 12 टायरा ट्रक गुरुनानक क्रशर के निकट शान्तिपुरी गेट पर खड़ा था। मंगलवार रात्रि चोरों ने ट्रक से दो बैटरे चोरी कर लिये। पीड़ित ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## दहेज की खातिर विवाहिता को घर से निकाला

रुद्रपुर। ससुराल वालों ने दहेज की खातिर मारपीट कर विवाहिता को घर से निकाल दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत चार के खिलाफ केस दर्ज किया है। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसका विवाह छह अक्टूबर 2022 को मोहम्मदी लखीमपुर में हुआ था। आरोप है कि विवाह के बाद से उसके पति, जेठ और सास ससुर दहेज में कार, बाइक, हीरे की अंगूठी व पांच लाख रुपये के लिए प्रताड़ित करने लगे। आरोप है कि एक दिन जेठ ने पीड़िता को बुरी नियत से पकड़ कर अश्लील हरकते की। लेकिन सास ससुर ने पीड़िता पर उल्टा इल्जाम लगा कर मारपीट की। बीती सात मई 2023 को ससुराल वालों ने पीड़िता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## संपादकीय



# राहुल की 'न्याय यात्रा'

कांग्रेस ने एक और यात्रा निकालने की घोषणा की है। पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ही यात्रा का नेतृत्व करेंगे। इस बार यात्रा की शुरुआत पूर्वोत्तर में मणिपुर की राजधानी इम्फाल से 14 जनवरी को होगी और 20 मार्च को समापन मुंबई में होगा। करीब 6200 किलोमीटर की यात्रा बस के जरिए की जाएगी, हालांकि बीच-बीच में पदयात्रा और नुक्कड़ बैठकें भी की जाएंगी। यात्रा 14 राज्यों के 85 जिलों से होकर गुजरेगी। रास्ते में 355 लोकसभा सीटों के क्षेत्र आएंगे, जिनमें से 14 सीटें ही कांग्रेस 2019 के आम चुनाव में जीत पाई थी। उस दृष्टि से यह कांग्रेस की चुनाव प्रचार यात्रा ही है, लेकिन यात्रा के दौरान जो राज्य आएंगे, उनमें से गुजरात, राजस्थान, मणिपुर, नगालैंड राज्यों में कांग्रेस के हिस्से 'शून्य' लोकसभा सीट रही थी। एकमात्र असम राज्य में कांग्रेस ने 3 लोकसभा सीटें जीती थीं। उसके अलावा, राज्यों में एक या दो सीट ही नसीब हुई थी।इसे 'भारत न्याय यात्रा' नाम दिया गया है, जो 67 दिन तक जारी रहेगी।इससे पहले कन्याकुमारी से कश्मीर तक की 'भारत जोड़ो यात्रा' 136 दिन की थी। मौजूदा यात्रा के दौरान पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड राज्य पड़ेंगे, जहां विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की सरकारें हैं। उप्र और महाराष्ट्र में भी विपक्षी गठबंधन एक मजबूत राजनीतिक ताकत है। यात्रा मप्र, छत्तीसगढ़, राजस्थान सरीखे राज्यों से भी गुजरेगी, जहां हालिया चुनावों में कांग्रेस भाजपा के मुकाबले बुरी तरह पराजित हुई है। इन राज्यों में भाजपा और कांग्रेस की सीधी चुनावी टक्कर होती है। बहरहाल अब सवाल यह है कि 'न्याय यात्रा' से पहले गठबंधन के घटक दलों को विश्वास में लिया गया था अथवा नहीं? या इस यात्रा के जरिए घटक दलों को, उन्हीं के प्रभाव क्षेत्रों में, चुनौती दी जाएगी, ताकि गठबंधन कांग्रेस की छतरी तले ही आकार ग्रहण करे? सवाल यह भी है कि यात्रा के दौरान जो जनता कांग्रेस नेता राहुल गांधी के संपर्क में आएगी, उसे सामाजिक-आर्थिक न्याय किस तरह मुहैया कराया जाएगा? खासकर महिलाओं, युवाओं और वंचित तबकों के लिए कांग्रेस की क्या नीतियां होंगी? क्या 6000 रुपए माहवार की 'न्याय योजना' को लागू करने का चुनावी वायदा किया जाएगा? राहुल गांधी ने 2019 के आम चुनाव में भी इस योजना का खूब प्रचार किया था, लेकिन देश की जनता ने, सिर्फ किसानों के लिए, 6000 रुपए सालाना की सम्मान राशि के प्रति अपना भरोसा जताया था। 'मुफ्तखोरी' की राजनीति पर अब देश को बार-बार मंथन करना चाहिए, क्योंकि देश पर करीब 209 लाख करोड़ रुपए का कर्ज हो गया है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष भी इस बढ़ते कर्ज पर भारत सरकार को सचेत कर रहा है। हालांकि वह हमारी आर्थिक विकास दर को लेकर भी आश्वस्त है। जब तक राहुल गांधी की 'न्याय यात्रा' का समापन होगा, तब तक चुनाव आयोग आम चुनाव की तारीखें घोषित कर चुका होगा। 2019 में भी मार्च माह में आम चुनाव का कार्यक्रम घोषित किया गया था। कांग्रेस के पक्षधर मान रहे हैं कि जो जनता आज 'न्याय' के लिए भटक रही है, उसके लिए लड़ाई लडने की यह यात्रा है, लेकिन क्या यह प्रधानमंत्री की 'गारंटी यात्रा' के मुकाबले शुरू की जा रही है अथवा कांग्रेस एक निश्चित वोट बैंक बनाने में सफल होगी, ऐसे सवालों के सटीक जवाब कांग्रेस ने नहीं दिए हैं।

**दैनिक न्यूज़ वायरस**

**संपादक :** मौ.सलीम सैफी, **कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002, **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094
**Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com
**Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
**न्याय क्षेत्राधिकार :** जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## संक्षिप्त खबरें

### पीएम आवास योजना के लाभार्थियों को ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से आवास आवंटित किए

देहरादून। पीएम आवास योजना (शहरी) के तहत आवास विकास परिषद द्वारा निर्माणाधीन पांच आवासीय परियोजना के लाभार्थियों को बुधवार को ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से आवास आवंटित किए गए। आवास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने विधानसभा स्थित कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में लाभार्थियों को आवंटन पत्र सौंपे। इस मौके पर अग्रवाल ने कहा कि आवास विभाग द्वारा योजना के तहत कुल 20 परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। इसके तहत बुधवार को मंगलौर रुडक़ी आवासीय परियोजना में 542, अनेकीहेत्तमपुर परियोजना हरिद्वार में 845, महुवाखेड़ागंज उधमसिंह नगर में 98, मानपुर आवासीय परियोजना काशीपुर में 108 और उमेधपुर-रामनगर आवासीय परियोजना, नैनीताल में 390 इकाईयों सहित कुल 1983 लाभार्थियों को आवास आवंटित किए गए। उन्होंने बताया कि आवास आवंटन की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाए जाने के लिएऑनलाईन लॉटरी के माध्यम से आवास आवंटन किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आवास आवंटन के समय वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों को प्राथमिकता प्रदान करते हुए भूतल में आवास आवंटन किए जा रहे हैं। मंत्री ने कहा कि उत्तराखंड आवास विकास परिषद द्वारा अब तक विभिन्न परियोजनाओं में कुल लगभग 6463 आवासों का आवंटन किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि शेष परियोजनाओं के आवंटन के लिए भी आवेदन पत्रों का सत्यापन किया जा रहा है। आवास मंत्री ने बताया कि उक्त परियोजनाओं में निजी निवेशकों द्वारा अपनी जमीन पर छह लाख प्रति आवास की दर से फ्लैट तैयार कर आवास परिषद को उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसमें सरकार द्वारा लाभार्थी को ढाई लाख की सब्सिडी प्रदान करने के बाद लाभार्थी को मात्र साढ़े तीन लाख रुपए में छत मिल रही है। इस अवसर पर विधायक आदेश चौहान, दिवान सिंह बिष्ट, अपर आवास आयुक्त प्रकाश चन्द्र दुम्का उपस्थित रहे।

### पंकज के जू-जित्सु प्रतियोगिता में पदक जीतने से खुशी

पिथौरागढ़। बंगापानी के पंकज जोशी ने जू-जित्सु प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता है। इससे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। पंकज ने बताया कि बीते दिनों हल्द्वानी में हुई प्रतियोगिता के दौरान अंडर-21 वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक जीता। देव बाला बिष्ट, भूपेंद्र सिंह पपोला आदि ने खुशी जताई है।

### मसूरीकांडा-होकरा सडक़ सुधारीकरण की मांग

पिथौरागढ़। होकरा के ग्रामीणों ने प्रशासन से मसूरीकांडा-होकरा सडक़ सुधारीकरण की मांग की है। स्थानीय निवासी खुशाल सिंह का कहना है कि मार्ग में लगातार हो रहे हादसे को देखते हुए ग्रामीण सडक़ सुधारीकरण की मांग कर रहे हैं। बावजूद सडक़ सुधारीकरण को लेकर पहल नहीं हो रही है। ग्रामीण जान जोखिम में डालकर सडक़ में आवाजाही करने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से सडक़ को जल्द से जल्द दुरस्त करने की मांग की है।

### दाह संस्कार को बस मिलने पर सांसद का आभार जताया

पिथौरागढ़। नगर में पालिका को दाह संस्कार के लिए बस मिलने पर सोशल वेलफेयर सोसायटी ने सांसद अजय टम्टा का आभार जताया है। सोसायटी के सुनील वर्मा ने कहा कि लंबे समय से संगठन दाह संस्कार को बस की मांग कर रहा था। कहा कि पालिकाध्यक्ष से लेकर विधायक, सांसद, मुख्यमंत्री तक को उन्होंने इसके लिए ज्ञापन दिया। वर्मा ने कहा कि बस मिलने से अब लोगों का दाह संस्कार के लिए अधिक जेब ढीली नहीं करनी पड़ेगी। दरअसल अब तक लोग निजी बसों को बुक कर दाह संस्कार के लिए घाट पहुंचते हैं। इसके लिए उन्हें मोटी रकम चुकानी पड़ती है, लेकिन अब पालिका की ओर से बस सेवा शुरू होने से लोगों का कम कीमत पर बस मिलेगी।

### सशक्त भू-कानून के समर्थन में आई कांग्रेस

बागेश्वर। उत्तराखंड में सशक्त भू-कानून बनाए जाने के समर्थन में कांग्रेस भी आगे आई है। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि त्रिवेंद्र सरकार ने जमीदारी विनाश एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम में संशोधन कर आत्मघाती निर्णय लिया। जिससे उत्तराखं की भूमि बाहरी लोगों के लिए खरीद-फरोख्त के लिए खोल दी। पार्टी कार्यालय में आयोजित बैठक में वक्ताओं त्रिवेंद्र सरकार के निर्णय को समाप्त करने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है। राज्य में सशक्त भू-कानून लागू करने के साथ ही यहां पर लगने वाले उद्योगों में स्थानीय लोगों को 70 प्रतिशत रोजगार देने की मांग की है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष भगवत डसीला, गोपा धपोला जिलाध्यक्ष महिला कांग्रेस, कवि जोशी, पुष्पा देवी, ललित गिरी गोस्वामी, सुनील भंडारी, गीता रावल, राजेंद्र टंगडिया, मनोहर राम, मुन्ना पांडे आदि मौजूद रहे। सभा के बाद कांग्रेस कार्यकर्ता तहसील परिसर में पहुंचे। यहां एसडीएम मोनिका को राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा।

### 441 ग्राम चरस के साथ एक युवक गिरफ्तार

बागेश्वर। कपकोट पुलिस ने 411 ग्राम चरस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। मुकदमा दर्ज करने के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय के आदेश के बाद उसे अल्मोड़ा जेल भेज दिया है। जिस स्कूटी में चरस रखी थी पुलिस ने उसे भी सीज कर दिया है। बागेश्वर जिले को नशामुक्त बनाने के लिए पुलिस का अभियान जारी है। बुधवार की शाम कपकोट थाना पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी। चेकिंग के दौरान सौंग-मुनार रोड स्थित खाइबगड़ पुल के पास एक व्यक्ति की तलाशी ली गई। तलाशी करने पर 48 वर्षीय नरेंद्र सिंह पुत्र फते सिंह निवासी ग्राम कर्मी की स्कूटी नंबर यूके-04-एस-6515 पर 411 ग्राम चरस बरामद हुई। इसके बाद पुलिस आरोपी को वाहन समेत थाने में लाई। थाने में उसके खिलाफ आईपीसी की धारा 8/20/60 एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया। गुरुवार को आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय के आदेश के बाद उसे अल्मोड़ा जेल भेज दिया है।

### पूर्णागिरि में बढने लगी श्रद्धालुओं की आमद

चम्पावत।पूर्णागिरि में श्रद्धालुओं की तादाद में भर्ती हुई है। थर्टी फस्ट और नव वर्ष को लेकर श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया है। मंदिर समिति के अध्यक्ष किशन तिवारी ने बताया कि नववर्ष की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। बताया कि मेले में यूपी, बिहार, राजस्थान सहित तमाम राज्यों से श्रद्धालु देवी दर्शन को पहुंचते हैं। बताया कि बीते चार-पांच दिनों से श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि हो रही है। बीते एक सप्ताह में पांच हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने देवी दर्शन किए।

# नए साल की तैयारियों को लेकर देहरादून एसएसपी ने दिये निर्देश





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 29 दिसंबर : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा पुलिस कार्यालय देहरादून स्थित सभागार में जनपद देहरादून के समस्त होटल/रेस्टोरेंट/बार मालिकों के साथ गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के दौरान एसएसपी देहरादून द्वारा निम्नलिखित निर्देश निर्गत किये गये।

01: सभी प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरे व अन्य सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने का सम्पूर्ण उत्तरदायित्व प्रतिष्ठान स्वामी का स्वंय का होगा, सभी प्रतिष्ठान स्वामी अभी से ही यह सुनिश्चित कर लें उनके प्रतिष्ठानों में लगे सीसीटीवी कैमरे भली प्रकार कार्य कर रहे हैं अथवा नहीं तथा खराब पडे सीसीटीवी कैमरों को सही कराकर सुचारू रूप से संचालित कराया जाना सुनिश्चित करेंगे।

02: जिस भी प्रतिष्ठान में नववर्ष की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, वो सभी प्रतिष्ठान स्वामी यह सुनिश्चित कर ले कि वह पार्किंग व्यवस्था के लिए अपना स्टाफ जरूर रखें, जो कि प्रतिष्ठानों में आने वाले वाहनों को व्यवस्थित तरीके से पार्क करवाना सुनिश्चित करेंगा। यदि कोई भी वाहन अव्यवस्थित तरीके से खड़ा पाया गया तो उसे पुलिस द्वारा टो कर उसके विरूद्ध कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

**सुरक्षा हेतु किये जा रहे प्रबंधों के विषय में मांगे सुझाव दिये निर्देश**

03: सभी प्रतिष्ठान अपने यहां किसी भी प्रकार के आयोजन से पूर्व अपने नजदीकी थाने को कार्यक्रम के विषय में विस्तृत जानकारी देना सुनिश्चित करेंगे। जैसे कार्यक्रम में कितनी संख्या में भीड़ एकत्रित होने की सम्भावना है, कार्यक्रम का कोई मुख्य आकर्षण व आयोजन कितने बजे तक चलने की सम्भावना है। उक्त आयोजन के अनुसार अपनी प्राइवेट सिक्योरिटी का प्रबन्ध करना भी सुनिश्चित करेंगे।

04: सभी प्रतिष्ठान स्वामी अपने-अपने प्रतिष्ठानो में लॉ एण्ड ऑर्डर बनाये रखने में पुलिस को पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे, किसी भी प्रकार की अपरिहार्य स्थिति होने पर पुलिस हेल्पलाइन नम्बर 112 पर सम्पर्क करें, जिससे यथाशीघ्र पुलिस द्वारा आपकी सहायता की जा सके।

**■ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा पुलिस कार्यालय सभागार में होटल/रेस्टोरेंट/बार मालिकों के साथ किया गोष्ठी का आयोजन**

05: मसूरी जाने वाले पर्यटकों की सहायता हेतु कुठाल गेट व अन्य स्थानों पर बडे-बडे सूचना पट्ट पर मसूरी की यातायात व्यवस्था व रूट प्लान के बारे में जानकारी हेतु लगाये गये है।

06: किसी भी प्रकार से हुडदंग मचाने वालों के विरूद्ध सभी प्रभारी/थानाध्यक्ष/सम्बन्धित चौकी प्रभारी कडी कार्यवाही करना सुनिश्चित करेंगे।

07: होटलों, रेस्टोरेंट/बार के लिये सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के क्रम में पुलिस द्वारा सहयोग प्रदान किया जायेगा।

08 : नव वर्ष की पूर्व संध्या पर सुरक्षा की दृष्टि से संपूर्ण जनपद में व्यापक संख्या में पुलिस बल को ड्यूटी हेतु नियुक्त किया गया है साथ ही सभी प्रभारी/थानाध्यक्षों को निर्देशित किया गया है कि वह लगातार बड़े आयोजन स्थलों पर भ्रमणशील रहेंगे।

# उधम सिंह नगर पुलिस ने अंतरराज्यीय शातिर गिरोह का किया गया पर्दाफाश

## 07 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल



**■ आरोपियों द्वारा उत्तराखंड के साथ साथ उत्तर प्रदेश में भी दिया गया था डकैती की घटना को अंजाम**
**■ एसएसपी द्वारा घटना का खुलासा करने वाली पुलिस टीम को की गई 2,500 रुपए के इनाम की घोषणा**

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उधम सिंह नगर 29 दिसंबर : थाना हाजा पर को समय रात्रि 01:00 बजे डायल 112 के माध्यम से सूचना मिली कि हनुमान नगर कालौनी अलीगंज रोड़ टाण्डा उज्जैन काशीपुर में कुछ बदमाश घर में घुस गये है और घरवालों के साथ मारपीट, हाथ पैर बांध कर जान से मारने की धमकी देकर सोने चांदी और कैश लूट कर ले गये है ।इस सूचना पर पुलिस अधीक्षक / क्षेत्राधिकारी काशीपुर, प्रभारी निरीक्षक व वरिष्ठ उप निरीक्षक, चौकी प्रभारी टाण्डा उज्जैन, रात्रि अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचे, तब तक संदिग्ध व्यक्ति घर से लूटपाट करके घर वालों को बंधक बनाकर चले गये ।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार तत्काल घटना के अनावरण हेतु चार पुलिस टीमों जिसमें सीसीटीवी कैमरों के अवलोकन, सर्विलांस टीम, थाना स्तर पर प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में अन्य दो पुलिस टीमों का गठन कर अलग- अलग क्षेत्रों में पतारसी एवं सुरागरसी हेतु रवाना किया गया तथा टेक्निकल पुलिस टीम को घटना स्थल के आस-पास लगे समस्त सीसीटीवी कैमरों को अवलोकन करने हेतु निर्देशित किया गया ।

पुलिस टीमों के द्वारा पतारसी एवं सुरागरसी करते हुए लगभग 50-60 सीसीटीवी कैमरों का अवलोकन किया गया तथा पुराने बदमाशों के रिकॉर्ड खंगाले गए और मुखबिर मामूर किये गये ।दिनांक 27.12.2023 को मुखबिर की सूचना पर कि विगत 6-7 दिनों से कुछ बाहर के लोग जो लगातार इस क्षेत्र में आ रहें है और चोरी की घटना को अंजाम दे रहें है जिनकी गातिविधियां संदिग्ध प्रतीत हो रही है उ०नि० मनोज जोशी एंव उ0नि0 सुनील सुतेड़ी उ०नि० कंचन पड़लिया, उ०नि० दीपक जोशी के द्वारा मय पुलिस टीम के शुगर फैक्ट्री खाली फील्ड से 07 अभियुक्त गणों को मय अवैध असलहा कारतूसों के साथ डकैती की योजना बनाते हुए गिरफ्तार किया गया। उ०नि० मनोज जोशी की फर्द बरामदगी के आधार पर एफआईआर नम्बर 535/2023 धारा 398/412 भादवि 3/4/25 शस्त्र अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया ।

**अभियुक्तों से लूटा हुआ 80% से अधिक माल बरामद**

घटना का खुलासा प्रभारी निरीक्षक काशीपुर के नेतृत्व में गिरफ्तार शुदा अभियुक्त गणों से अलग - अलग पूछताछ करने पर अभियुक्त गणों के द्वारा बताया कि विगत आठ- दस दिनों में उनके द्वारा हनुमान कॉलोनी काशीपुर व मूंढापांडे जिला मुरादाबाद में डकैती डाली है अभियुक्त गणों की निशानदेही पर हनुमान कॉलोनी काशीपुर व मुंडा पांडे जिला मुरादाबाद में डकैती का माल बरामद किया गया अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी है उत्तराखण्ड के अलावा उत्तर प्रदेश में भी कई जगहों पर डकैती डाली है अभियुक्त विनोद उर्फ विकास थाना मुढापाण्डे का एच०एस० है अन्य अभियुक्त गणों का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है।

गिरफ्तार शुदा अभियुक्त गण

1- विनोद उर्फ विकास पुत्र धर्मपाल निवासी ग्राम सेजनी थाना चंदौसी जिला सम्भल ( उत्तर प्रदेश )2- नरेश पुत्र कृपाल सिंह निवासी ग्राम ध्यान नगर चकफेरी थाना कॉठ मुरादाबाद ( उत्तर प्रदेश )3- राशिद पुत्र शाहिद निवासी ग्राम बांसखेड़ा थाना आईटीआई उ0सि०नगर4- शमशेर उर्फ शेरा पुत्र कमल सिंह निवासी गुलजारपुर कुण्डेश्वरी थाना काशीपुर 5- अजय सेन पुत्र कुंवर सेन निवासी ग्राम खरमासा कालौनी कुण्डेश्वरी काशीपुर6- देवेन्द्र पुत्र राजा राम निवासी ग्राम लालपुर थाना ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) 7- नितिन पुत्र राकेश निवासी ग्राम गढीगंज प्रतापपुर थाना काशीपुर

आपराधिक इतिहास अभियुक्त गण

1- अभियुक्त विनोद उर्फ विकास (हिस्ट्रीशीटर थाना मुढापाण्डे मुरादाबाद)1- एफआईआर नम्बर 187/2008 धारा 307 भादवि2- एफआईआर नम्बर 189/2008 धारा 4/25 शस्त्र अधिनियम 3- एफआईआर नम्बर 356/2011 धारा 457/380 भादवि4- एफआईआर नम्बर 629/2010 धारा 398/402 भादविएफ5- एफआईआर नम्बर 431/2010 धारा 4/25 शस्त्र अधिनियम6- एफआईआर नम्बर 376/2012 धारा 395/397/412 भादवि 7- एफआईआर नम्बर 25/2013 धारा 307 भादवि8- एफआईआर नम्बर 26/2013 धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम9- एफआईआर नम्बर 70/2013 धारा 2/3 गैंगस्टर अधिनियम10- एफआईआर नम्बर 551/2013 धारा 307 भादवि11- एफआईआर नम्बर 57/2015 धारा 4/25 शस्त्र अधिनिमय12- एफआईआर नम्बर 368/2012 धारा 394/411 भादवि13- एफआईआर नम्बर 171/2022 धारा 380/457 / 411 भादवि थाना आईटीआई 14- एफआईआर नम्बर 324 / 2023 धारा 307/452/504 भादवि थाना बनियाठेर सम्भल उत्तर प्रदेश

2- अभियुक्त नितिन पुत्र राकेश निवासी गढ़ीगंज प्रतापपुर थाना काशीपुर01- एफआईआर नम्बर 108 / 2020 धारा 379/411 भादवि थाना कुण्डा 02- एफआईआर नम्बर 109 /2020 धारा 41/102 सीआरपीसी व 411 भादवि थाना कुण्डा उधमसिंहनगर 03- एफआईआर नम्बर 152/2020 धारा 2/3 गैंगस्टर अधि० थाना कुण्डा

3- अभियुक्त शमशेर उर्फ शेरा01- एफआईआर नम्बर 27 / 2012 धारा 302 भादवि थाना काशीपुर

बरामदगी का विवरण थाना काशीपुर

1- पीली धातु के दो डिजायनदार कड़े2- 3- पीली धातु की एक लेडिज अंगुठी पीली धातु के पाँच अदद पेंडेल4- पीली धातु के एक अंगूठी5- पीली धातु का एक झुमका6- पीली धातु की एक छोटी डिजायनदार नथ7- पीली धातू की दो नोज पिन8- पीली धातु का एक मांग टीका9- पीली धातु का एक कुण्डल10- पीली धातु का एक टूटा कुण्डल11- पीली धातु की एक छोटी चेन 12- पीली धातू का एक अर्ध चन्द्राकार पेंडल के टूटे टुकड़े13- पीली धातु के पांच टुकड़े14- सफेद धातु की 06 पॉयल15- सफेद धातु के 06 बिछुवें16- सफेद धातु के दो हाथ के धागुल17- घटना में प्रयुक्त दो मोटर साईकिल

बरामदगी का विवरण थाना मुढापाण्डे जिला मुरादाबाद

1- पीली धातू का एक पैड़ल वाला मंगल सूत्र 2- सफेद धातू की दो पुरानी चैन पटटी